# खान सुरक्षा महानिदेशालय परिसर में मॉक ड्रिल में जांची अग्नि सुरक्षा व्यवस्था

कासं/अजमेर

खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) द्वारा शुक्रवार को परिसर में मॉकड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को जांचा गया। निदेशक के. रविंदर की मौजूदगी में मॉकड्रिल फॉर फायर प्रिपेयर्डनेस का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपात स्थिति के दौरान जागरुकता और प्रतिक्रिया कौशल को बढ़ाना था।



डॉ. आई. सत्यनारायण ने फायर प्रिपेयर्डनेस के लिए मॉक ड्रिल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अग्नि निकासी प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने, कार्यस्थल में व्यक्तियों की आपातकालीन तैयारी की जांच करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि व्यक्ति आग की घटनाओं में तुरन्त बचाव के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, एक फायर इमरजेंसी परिदृश्य का अनुकरण किया। फायर इमरजेंसी अभ्यास हर छह महीने में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान रजनीश सिगर, सुंदर सिंह, सागर राज, राजमल लोहार सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और दैनिक रेटेड श्रमिकों ने भाग लिया और बुनियादी अग्निशमन प्रशिक्षण प्राप्त किया।